# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना कम्पिल

## दिनांक :- 09.11.2023

### थाना कम्पिल पुलिस द्वारा अभियुक्त को 01 नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री प्रशान्त कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ **श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री **डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पुलिस द्वारा अभियुक्त छोटे मंसूरी पुत्र नादिर वख्श निवासी ग्राम समाउद्दीनपुर थाना कम्पिल जनपद फर्रूखाबाद को नाजायज 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ समाउद्दीनपुर मोड थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 219/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1- छोटे मंसूरी पुत्र नादिर वख्श निवासी ग्राम समाउद्दीनपुर थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

**पूछताछ का विवरण**:- अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि मैं अपनी सुरक्षा के लिए अपने साथ अवैध असलहा रखता था। साहब मुझसे गलती हो गयी। मांफ कर दीजिए अब भविष्य में ऐसी गलती नही होगी।

## बरामदगी का विवरणः-

1. 01 तमंचा 315 बोर नाजायज
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

## अभियुक्त का छोटे मंसूरी पुत्र नादिर वख्श आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0स0 219/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कम्पिल
2. मु0अ0सं0 248/23 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना कम्पिल
3. अन्य थाना जात से जानकारी की जा रही है।

## गिरफ्तार/बरामद करने वाली थाना कम्पिल पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री अशोक कुमार
2. उ0नि0 श्री रवि सोलंकी
3. का0 इमरान हुसैन
4. का0 पंकज गौतम

**(मीडिया सेल फतेहगढ़)**

# रूट डायवर्जन- जनपद फतेहगढ़

## जनपद फतेहगढ में आगामी त्यौहारों/दीपावली के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु दिनांक- 09.11.2023 रात्रि 12.00 बजे से 14.11.2023 रात्रि 12.00 बजे तक निम्न मार्गों पर रूट डायवर्जन निम्नत: रहेगा –

1. लालगेट से चौक बाजार पक्का पुल तक चार पहिया वाहन अन्दर नहीं जायेंगे।
2. तिकोना चौकी से चौक बाजार/लालगेट तक कोई भी भारी/चार पहिया/टेम्पो/ई-रिक्शा पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा।
3. पल्ला मठिया देवी मन्दिर से चौक की तरफ चार पहिया वाहन/टैम्पो/ई-रिक्शा पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा।
4. साहबगंज चौराहा से कोतवाली फर्रुखाबाद की तरफ चार पहिया वाहन/टैम्पो/ई-रिक्शा पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा।
5. दो पहिया वाहन की पार्किंग कमला टॉकीज, गुरुकुल विद्यालय के सामने आईटीआई चौराहा के पास रहेगी।
6. आर्मी चौराहा से अन्दर मैन बाजार फतेहगढ में चार पहिया वाहन व टेम्पो/ई-रिक्शा का प्रवेश वर्जित रहेगा।
7. आर्मी चौराहा पेट्रोल पम्प फतेहगढ से अन्दर मैन बाजार की तरफ आने वाले वाहन टेम्पो/ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन नहीं जायेगे।
8. जिला जेल से आने वाले वाहन फतेहगढ. मैन बाजार की तरफ चार पहिया वाहन टेम्पो/ई-रिक्शा व वाहन नहीं चलेंगे।
9. LIC तिराहा से अन्दर फतेहगढ मैन बाजार की तरफ कोई भी भारी/चार पहिया वाहन/टेम्पो/ई-रिक्शा पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा।
10. दो पहिया वाहन की पार्किंग केन्द्रीय विद्यालय के सामने, ब्लूहैवन होटल के सामने, रोडवेज वर्क शाप के सामने, कुमार पेट्रोल पम्प के सामने रहेगी।

पुलिस अधीक्षक

फतेहगढ।






GPS Map Camera
Sithauli, Uttar Pradesh, India


















GPS Map Cam
Shamshabad, Uttar Pradesh, India
05, Farrukhabad, near Mahila Hospital, Shamshabad, Uttar Prade
209503, India
Lat 27.534762°
Long 79.438852°
09/11/23 06:05 PM GMT +05:30
Google